श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

एफ-3/41/एसएलबीएसएनएसयू/शै/2026-27 / 1910 — दिनांक 06.05.2026 08

प्रवेश-सूचना-I/2026-27

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्ववित्तपोषित अंशकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र दिनांक 15/05/2026 से 30/06/2026 तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर निर्धारित पोर्टल **https://slbsrsvadmission.samarth.edu.in/** पर पंजीकरण करवा सकते है। अंशकालीन पाठ्यक्रमों (प्रमाणपत्रीय, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, एवं पी.जी डिप्लोमा) में प्रवेश केवल अर्हता योग्यता की वरीयता सूची के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।

- **प्रमाणपत्रीय**(अवधि 06 माह):- ज्योतिष-प्रवेशिका, वास्तुशास्त्र, योग, पौरोहित्य(कर्मकाण्ड) प्रशिक्षण-प्रवेशिका, जैनविद्या, पाण्डुलिपि-विज्ञान एवं अभिलेखशास्त्र, पुरालिपि एवं पाण्डुलिपि विज्ञान।
- **डिप्लोमा** (अवधि 01 वर्ष):- ज्योतिष प्राज्ञ, भैषज्य ज्योतिष(मेडिकल एस्ट्रोलॉजी), वास्तुशास्त्र, पौरोहित्य(कर्मकाण्ड), जैनविद्या, संगणक अनुप्रयोग, संस्कृत-वाङ्मय(दर्शन), संस्कृत व्याकरण प्रायोगिक-प्रशिक्षण एवं सम्भाषण
- **पी.जी. डिप्लोमा**(अवधि 01 वर्ष):- योग, योग एवं नैचुरोपैथी, संस्कृतभाषा पत्रकारिता, संगीतशास्त्र, भरत का नाट्यशास्त्र।
- **पी.जी. डिप्लोमा** (अवधि 02 वर्ष):- वास्तुशास्त्र
- **एडवांस डिप्लोमा** (अवधि 02 वर्ष):- ज्योतिष भूषण, वास्तुशास्त्र

आवेदन प्रक्रिया एवं प्रवेश आवेदन पत्र शुल्कः-

अंशकालीन पाठ्यक्रमों में प्रवेश-हेतु आवेदन केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट ऑनलाइन-माध्यम से किया जाएगा। अंशकालीन पाठ्यक्रमों में आवेदन पत्र-शुल्क रुपये 300/- निर्धारित है।

विस्तृत विवरण तथा शैक्षणिक नियम परिचायिका विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.slbsrsv.ac.in** पर उपलब्ध है।

सम्पर्क सूत्रः (011-46060503/548)

(श्री राजेश कुमार)
सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त पीठप्रमुख, विभागाध्यक्ष एवं पाठ्यक्रम संयोजक
2. निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.
3. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटरः संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि ऑनलाईन माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया से संबधित आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न करने तथा उक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति/कुलसचिव
5. संबंधित पंजिका
6. समस्त सूचना पट्ट

(श्री राजेश कुमार)
सहायक कुलसचिव, शैक्षणिक